दिव्यांगजन दिवस पर पोस्टर का विमोचन

चर्चा में क्यों?

3 दिसंबर, 2021 को राजस्थान के चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के मौके पर पोस्टर का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने अक्षिता और अनीषा से मुलाकात की, जिन्हें हाल ही में एसएमएस अस्पताल में कोकलियर इंप्लांट हुआ था।

प्रमुख बिंदु

- स्वास्थ्य मंत्री ने पोस्टर विमोचन के साथ ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से ही कोकलियर इंप्लांट नि:शुल्क प्रोग्राम राजस्थान में प्रारंभ हुआ, जिससे प्रदेश में कई बच्चे लाभान्वित हुए हैं।
- स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि अब तक एसएमएस अस्पताल में 660 कोकलियर इंप्लांट हो चुके हैं और राजस्थान का मॉडल प्रोग्राम पूरे देश के लिये एक उत्कृष्ट उदाहरण है।
- एसएमएस मेडिकल कॉलेज के अलावा जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर, अजमेर, कोटा व जयपुरिया अस्पताल में भी यह सुविधा अब चालू कर दी गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/poster-released-on-divyangjan-day